>

Title: Need to make available adequate quantity of D.A.P. and A.P. fertilizers in the Co-operative Societies and markets -laid.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, देश में डी.ए.पी खाद की कमी से किसानों की स्थिति बहुत खराब है। सहकारी समितियों में एवं बाजार में खाद की कमी के कारण दिन भर किसान लाइन में खड़ा रहता है, लेकिन उसे उचित समय से खाद न मिल पाने के कारण धान, आलू एवं गेहूं के खेतों में खाद डालने हेतु विक्रय केन्द्रों पर दूर-दूर भटकना पड़ रहा है।

मैं सदन के माध्यम से माननीय रसायन उर्वरक मंत्री जी से चाहूंगा कि डी.ए.पी, ए.पी. खादों का कोटा बढ़ाते हुए तत्काल खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करें।